हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 22 जनवरी 2024

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा |

तापमान

अधिकतम 26.4 डिग्री

न्यूनतम 14.0 डिग्री



## शिवरीनारायण में होने वाले कार्यक्रम में मुख्यमंत्री होंगे शामिल

22 जनवरी को अयोध्या के श्री राम मंदिर में होने वाले श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर शिवरीनारायण में होने वाले कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय शामिल होंगे। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी किया जाएगा।

# श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर जगह-जगह होंगे भक्तिमय कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

अयोध्या में नवनिर्मित श्रीराम मंदिर में रामलला प्राण-प्रतिष्ठा समारोह को लेकर शहर सहित ग्रामीण अंचल राममय हो गई है। हर ओर साज-सज्जा हो चुकी है वहीं धार्मिक गतिविधियां भी शुरु हो गई है। सोमवार को जिला एवं विकासखंड स्तर पर भक्तिमय सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे।

अयोध्या में सोमवार 22 जनवरी को श्री राम मंदिर में होने वाले श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर शिवरीनारायण में होने वाले कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय शामिल होंगे। इस दौरान श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी किया जाएगा। कार्यक्रम में हर-हर शंभू फेम अभिलिप्सा पांडा एवं सारेगामा फेम शरद शर्मा शिरकत करेंगी। अयोध्या धाम मे श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर जिले में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। मोहल्लों-मोहल्लों में शोभायात्रा निकाली जा रही है और अयोध्या के कार्यक्रम को लाईव प्रसारण देखने की व्यवस्था की गई है। जिले के नहरिया बाबा मंदिर में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। नवागढ़ विकासखंड के श्रीराम जानकी मंदिर में, बम्हनीडीह विकासखंड श्री सिद्धेश्वर नाथ बाबा बरगड़ी बम्हनीडीह में, बलौदा विकासखंड के पहरिया में, पामगढ़ विकासखंड के दक्षिणमुखी श्री हनुमान मंदिर मेंहदी में और अकलतरा विकासखंड के मां महामाया देवी मंदिर हरदी में विकासखंड स्तरीय भक्तिमय सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। इसके साथ ही सभी नगरीय निकायों, ग्राम पंचायतों, निजी संस्थानों, ट्रस्ट, मंदिर समितियों की भागीदारी से विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर मानस मंडलियां मानस गान करेंगे और उन्हे सम्मानित भी किया जाएगा। इस अवसर पर पूरे जिले में उत्साह का माहौल है। मंदिरों में विशेष साफ-सफाई अभियान भी चलाया जा रहा है।



प्राण प्रतिष्ठ समारोह को लेकर सजा शिवरीनारायण एवं इंसेट में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय।

## कलेक्टर एवं एसपी ने शिवरीनारायण महानदी तट पर किया दीपदान

कलेक्टर आकाश छिकारा एवं पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने रविवार 21 जनवरी को अयोध्या में श्री राम मंदिर में श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व संध्या पर महानदी तट पर दीपदान किया।



इस अवसर पर अपर कलेक्टर एसपी वैद्य, जिला पंचायत सीईओ आर के खुंटे, अपर कलेक्टर गुड्डू लाल जगत, अपर कलेक्टर श्रीमती लवीना पांडेय अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनी, एसडीएम जांजगीर ज्ञानेन्द्र सिंह, डिप्टी कलेक्टर संदीप ठाकुर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती संध्या वर्मा सहित बड़ी संख्या में नागरिकजनों ने भी दीपदान किया। कलेक्टर एवं एसपी ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## तुर्रीधाम में होगा जिला स्तरीय कार्यक्रम

**सक्ती।** अयोध्या में श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा रामोत्सव का आयोजन 22 जनवरी को होगा। इस अवसर पर राज्य शासन के मंशा अनुरूप जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर विविध कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। सोमवार को जिला स्तरीय कार्यक्रम धार्मिक स्थल तुर्रीधाम में आयोजित किया जाएगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम में मानस मंडलियों द्वारा मानस गायन की प्रस्तुति, दीपोत्सव कार्यक्रम और रामलला प्राण प्रतिष्ठा का अयोध्या से सीधा प्रसारण किया जाएगा। नगरीय निकायों, ग्राम पंचायतों को इस आयोजन में भागीदारी सुनिश्चित करने कहा गया है। कलेक्टर ने क्षेत्र के मानस मंडलियों के मानस गायन का आयोजन उक्त दिवस में आयोजित कराए जाने कहा है। अपर कलेक्टर बीरेन्द्र कुमार लकड़ा ने संबंधित अधिकारियों के साथ श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह के आयोजन के लिए धार्मिक स्थल तुर्रीधाम पहुंचकर अधिकारियों के साथ जायजा लिया। उन्होंने कार्यक्रम के व्यवस्थित आयोजन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाए सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। इसी प्रकार ऋषभ तीर्थ के दमऊदरहा के श्री राम जानकी मंदिर स्थल पर, मालखरौदा के श्री राम जानकी मंदिर में, ओडेकेरा के श्री राम जानकी मंदिर में, किरारी के श्री राम मंदिर में, श्री हनुमान मंदिर में सहित अन्य मंदिरों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## बाराद्वार में जगह-जगह होंगे विविध कार्यक्रम

**बाराद्वार।** अयोध्या में आयोजित श्रीराम लला के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर सोमवार को बाराद्वार में विविध मांगलिक कार्यक्रम संपन्न होंगे। आयोजन को लेकर व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई है। पूरा नगर दुल्हन की तरह सज-धजकर रंगीन रौशनी में नहाया हुआ है। इस बीच प्रमुख आकर्षण का केंद्र श्रीराम मंदिर बना हुआ है, जहां साधु-संतों के सानिध्य में तीन दिनों तक विविध मांगलिक कार्यक्रम संपन्न होंगे। पांच सौ वर्ष के लंबे इंतजार के बाद 22 जनवरी को अयोध्या-धाम में आयोजित राम लला के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर बाराद्वार में दीपोत्सव मनाया जाएगा, घर-घर दीप जलाए जाएंगे। आयोजन को लेकर लोगों में बड़ा उत्साह है। पूरा नगर दुल्हन की तरह सजाया- संवारा गया है, घरों पर रंग-बिरंगी रौशनी के साथ ही चौक-चौराहे एवं मंदिरों को रौशनी एवं आकर्षक सजावट की गई है। रेलवे क्रासिंग के दूसरी ओर श्रीराम पंचायती मंदिर में तीन दिनों तक उत्सव मनाया जा रहा है। 22 जनवरी को महा अभिषेक , पूजा -आरती के पश्चात प्रसाद वितरण किया जाएगा। दोपहर में श्रीराम मंदिर से शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसी तरह धर्मशाला मोहल्ला स्थित श्रीराम-जानकी मंदिर में विविध आयोजन होंगे।

## आज घर-घर मनाएं दीपोत्सव

**चांपा।** छत्तीसगढ़ शासन राज्य युवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष एवं प्रदेश भाजपा व्यवसायी प्रकोष्ठ के सह संयोजक कार्तिकेश्वर स्वर्णकार ने सोमवार 22 जनवरी को सायं से लोगों से अपने-अपने घरों के समक्ष रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष्य में दीप जलाकर दीपोत्सव मनाने की अपील की है।

## नेताजी चौक में प्रसाद वितरण आज

रामजन्म भूमि अयोध्या में सोमवार 22 जनवरी को होने वाले भगवान श्रीराम लला के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर जिला मुख्यालय जांजगीर के नेताजी चौक पर समाजसेवी लीलाधर सुल्तानियां एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष अमर सुल्तानियां द्वारा प्रसाद वितरण का कार्यक्रम रखा गया है। इस अवसर पर उन्होंने सभी से अपने घर आंगन, दरवाजे एवं छत पर दीप जलाकर खुशियां मनाने अपील की है।

## माता चौरा में 1001 दीप होंगे प्रज्जवलित

**मुलमुला।** अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले श्री राम लला के मंदिर के भव्य उद्घाटन एवं प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर गांव-गांव में राम नाम का धूम मचा हुआ है। इस अवसर पर मुलमुला में विविध आयोजन होंगे। अयोध्या में आयोजित श्री राम लाल के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर 22 जनवरी को ग्राम मुलमुला में ग्रामीणों द्वारा भारी उत्साह के साथ त्रिमूर्ति चौक मूलमुला में महा भंडारा का आयोजन किया जाएगा। साथ ही ग्राम के ही दुर्गा चौरा में खीर पुरी का वितरण किया जाएगा। इसके अलावा ग्राम के देवी मां माता चौरा में 1001 दीप प्रज्वलित किए जाएंगे।











रामलला मंदिर अयोध्या के आज
प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के शुभ अवसर पर
समस्त क्षेत्रवासियों को शुभकामनाएं
एवं
माता शबरी की पावन धरा
शिवरीनारायण में मा. मुख्य मंत्री
श्री विष्णुदेव साय जी
के प्रथम आगमन पर
नंदन ... वंदन...
अभिनंदन...
संजीव बंजारे
मंडल अध्यक्ष



श्रीराम जन्मभूमि मंदिर, अयोध्या
रामलला प्राण-प्रतिष्ठा समारोह
पौष शुक्ल द्वादशी, विक्रम संवत् 2080
सोमवार 22 जनवरी, समय- दोपहर 12.20 बजे
रामलला मंदिर अयोध्या के आज
प्राण-प्रतिष्ठा समारोह
के अवसर पर समस्त क्षेत्रवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
प्रदीप नामदेव
पूर्व अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद चांपा
नारायण मित्तल
पूर्व पार्षद, वार्ड क्र. 6
नगर पालिका परिषद चांपा
योगेश अग्रवाल (बाबू)
कोषाध्यक्ष
भाजपा नगर मंडल चांपा

श्रीराम जन्मभूमि मंदिर, अयोध्या
रामलला प्राण-प्रतिष्ठा समारोह
पौष शुक्ल द्वादशी, विक्रम संवत् 2080
सोमवार 22 जनवरी, समय- दोपहर 12.20 बजे
रामलला मंदिर अयोध्या के आज
प्राण-प्रतिष्ठा समारोह
के अवसर पर समस्त क्षेत्रवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
जय श्रीराम
शुभेच्छु
कार्तिकेश्वर स्वर्णकार
पूर्व उपाध्यक्ष राज्य युवा आयोग छ.ग.शासन
प्रदेश सहसंयोजक व्यवसायिक प्रकोष्ठ भाजपा
केन्द्रीय संरक्षक, छ.ग. केन्द्रीय स्वर्णकार समाज




श्रीराम जन्मभूमि मंदिर, अयोध्या
रामलला प्राण-प्रतिष्ठा समारोह
पौष शुक्ल द्वादशी, विक्रम संवत् 2080
सोमवार 22 जनवरी, समय- दोपहर 12.20 बजे
जय श्री राम।।
रामलला मंदिर अयोध्या के आज प्राण-प्रतिष्ठा समारोह
के अवसर पर समस्त क्षेत्रवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
NMSC
शुभेच्छु
डॉ. जी. के. नायक - श्रीमति शशि नायक
डॉ. बरखा वर्मा - डॉ. गिरीश वर्मा
डॉ. निहारिका नायक (परगनिहा)- डॉ. गिरीश परगनिहा
एवं तनिष्क, पिया, पाखी
तथा समस्त चिकित्सक व स्टॉफ
डॉ. राजेश चंद्रा
डॉ. के. डी. सिंह
डॉ. रमाकांत देवांगन
डॉ. विनोद पालीवाल
डॉ. सौरभ शर्मा
डॉ. अजय राठौर
नायक मेटरनिटी एण्ड सर्जिकल सेंटर - चांपा (छ.ग.)

## खबर संक्षेप

### फगुरम में स्वास्थ्य पोषण समिति की हुई बैठक



**फगुरम।** ग्राम पंचायत फगुरम में शनिवार को ग्राम स्वास्थ्य पोषण समिति का बैठक का हुआ आयोजन जिसमें स्वास्थ्य विभाग द्वारा शिकल का जांच किया गया जिसमें गांव में मुनादी करवा कर और गांव की मितानिनों के द्वारा अपने-अपने वार्ड में मौखिक सूचना देकर बुलाया गया। 30 लोगों का जांच किया गया, जिसमें 6 कुपोषित पाए गए।

### गोधना में फ्री हेल्थ चेकअप एवं रक्त दान शिविर आज

**गोधना।** आदर्श ग्राम गोधना के अंबेडकर चौक में ईशांत मेडिकल स्टोर एवं सिद्धिविनायक पैथोलॉजी लैब के संयुक्त तत्वावधान में फ्री हेल्थ चेकअप एवं रक्तदान शिविर का आयोजन सोमवार 22 जनवरी को किया जाएगा। इस शिविर में ग्रामीणों का फ्री में बीपी,शुगर , बलगम, वीर्य, थायराइड आदि की जांच कंप्यूटराइज मशीन द्वारा की जाएगी। वही रक्तदाताओं को सुरक्षा हेलमेट एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जाएगा। यह कार्यक्रम सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित होगी

### शैक्षणिक भ्रमण सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण योगदान



**चाम्पा।** शिक्षा का शैक्षणिक भ्रमण भी एक महत्वपूर्ण अंग है, जिसके तहत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पिपरदा के बच्चों को 20 जनवरी को प्रधान पाठक मोतीराम अंचल के नेतृत्व में कानन पेंडारी बिलासपुर का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। छात्र-छात्राओं को श्रीमती सुमन डडसेना, आयुष्मान कर्मशील स्टॉप के विशेष सहयोग से भ्रमण कराया गया। दीपक पटेल रसोईया धन भाई कंवर,चारों बाई पटेल का भी सहयोग रहा। छात्रों को बिलासपुर में स्थित कानन पेंडारी का भ्रमण कराया गया। जहां उन्होंने वन्य जीव प्राणियों को अलग-अलग आवास में रहते देखा जाना पहचाना और साथ में शाकाहारी ,मांसाहारी ,सर्वाहारी, प्राणियों के बारे में एवं खाद्य श्रृंखला के विषय में भी जानकारी के साथ नर मादा का भी पहचान करायें गए। फिर वहां फोटो सेशन, झूला, फिसलने का पट्टी, और अन्य चीजों का भी आनंद उठायें। उसके बाद वहां से म्यूजिकल गार्डन गये वहां भी लुफ्त उठाएं। बहुत ही सुंदर दृश्य विभिन्न प्रकार के आकर्षण गार्डन में सजे हुए चीजों को दिखा।

### आयुष विभाग के 7 औषधालयों में योग शिविर आज से

**सक्ती।** संचनालय आयुष छत्तीसगढ़ के आदेशानुसार सक्ती जिले के चिन्हांकित 7 आयुर्वेद औषधालयों के द्वारा पांच दिवसीय निःशुल्क योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 22 जनवरी से प्रारंभ किया जा रहा है। जिसमें सक्ती विकासखंड के अमलडीहा और जाजंग औषधालय, मालखरौदा विकासखंड में सकर्रा व छपोरा औषधालय, जैजैपुर विकासखंड में किकिरदा व ओडेकेरा औषधालय तथा डभरा विकासखंड में कांसा औषधालयों के द्वारा शिविर का आयोजन होगा। इसमें औषधालयों में नियुक्त योग प्रशिक्षकों के माध्यम से योग शिविर प्रातः 5:30 बजे से 7:00 बजे तक आयोजित किया जाएगा। इस तरह प्रति औषधालयों के लिए चिन्हांकित 3 ग्रामों में शिविर का आयोजन होगा। उक्ताशय की जानकारी सक्ती जिला नोडल अधिकारी आयुष विभाग के डॉ उत्तम कुमार गबेल द्वारा दिया गया। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन योग करने से जटिल समझे जाने वाले रोग जैसे मधुमेह, उच्च रक्तचाप ,अनिद्रा, बवासीर, क्रोध, प्रदर, एसिडिटी, कब्ज, मोटापा आदि में निश्चित लाभ होता है। और लंबे समय तक शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रहकर स्वस्थ परिवार स्वस्थ ग्राम व स्वस्थ देश का निर्माण कर सकते हैं।

603 मामले न्यायलय में किया गया प्रस्तुत

# सालभर में 21 हजार से अधिक वाहन चालकों से वसूला 79 लाख का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

मोटरयान अधिनियम के तहत यातायात पुलिस के द्वारा जांजगीर जिले में साल भर के भीतर 21 हजार 607 वाहन चालकों पर कार्यवाही करते हुए 79 लाख 35 हजार 200 रूपए का जुर्माना वसूल किया गया है। साथ ही साथ 603 मामले न्यालय में प्रस्तुत किए गए है।

गौरतलब है कि सड़क दुर्घटना में कमी लाने के उद्देश्य से यातायात पुलिस के अमला के द्वारा मोटरयान अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए सालभर के भीतर 21 हजार 607 वाहन चालकों से करीब 79 लाख 35 हजार से अधिक का जुर्माना वसूल किया गया है। वहीं 603 मामलों को न्यालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। इसके बाद भी कई वाहन चालक नियमों को ताक पर रखकर तेज गति से वाहन का परिचालन करते नजर आते है। इन प्रमुख मामलों पर यातायात नियमों के तहत कार्यवाही की जाती है उनमें तेज गति से वाहन चलाना, बिना दस्तावेज के वाहन परिचालन, तीन सवारी बाइक में बैठाना, बिना सीट बेल्ट के चारपहिया वाहन परिचालन, आरी तिरछी गाड़ी का नंबर, बिना हेलमेट के वाहन परिचालन, नाबालिग के द्वारा गाड़ी का परिचालन सहित अन्य मामलो में कार्यवाही यातायात पुलिस के द्वारा की जाती है। साथ ही साथ लोगों को सड़को पर वाहन चलाते समय पूर्ण रूप से सावधानी पूर्वक वाहन परिचालन कहा जाता है ताकि सड़क दुर्घटना में कमी लाने के साथ-साथ लोगों को जागरूक किया जा सके। वर्तमान में यातायात पुलिस द्वारा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है। इसके तहत विविध आयोजन कर लोगों को यातायात नियमों पालन करने जानकारी दी जा रही है।



वाहन चालकों पर कार्रवाई करती यातायात पुलिस।

**लगाया गया जुर्माना**

यातायात नियमों का उल्लंघन मामलों में कार्यवाही करते हुए साल भर के भीतर 21 हजार 607 वाहन चालकों से 79 लाख 35 हजार का जुर्माना वसूल किया गया है। वहीं 603 मामलों को न्यालय में प्रस्तुत किया गया है। लोग सड़क पर वाहन चलाते समय सावधानी बरते इसके लिए जनजागरूकता कार्यक्रम भी चलाया जाता है।

-प्रदीप जोशी, यातायात प्रभारी जांजगीर-चांपा

# बारिश होने से कीचड़ में तब्दील हुई सड़क, गड्ढों में भरा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तनौद

तनौद देवरी मोड़ से खोरसी तनौद भुईगांव 13 किलोमीटर की सड़क खराब हो गई है। मार्ग में जगह-जगह

- आने-जाने वाले राहगीरों के साथ स्कूली बच्चे हो रहे परेशान

गड्ढे होने से आवागमन करने वाले लोगों की परेशानी बढ़ गई है। वर्तमान में सड़क कीचड़युक्त हो गया है।

15 वर्षों से क्षेत्र ग्रामीण सड़कों की चौड़ीकरण आस लगाए बैठे हैं, लेकिन सुध लेने वाला कोई नहीं है। थोड़ी सी बारिश होने पर देवरी मोड़ से तनौद भुईगांव 13 किलोमीटर सड़क कीचड़मय हो जाता हैं। मार्ग में जगह-जगह बड़े-बड़े बन गए है। अगर समय रहते इसे मरम्मत नहीं किया गया तो कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। खोरसी बाजार चौक के पास की तो स्थिति बद् से बद्तर हो गई है। इस मार्ग में बने बड़े-बड़े गड्ढे हर रोज हादसे को न्योता दे रहे हैं। इस मार्ग को पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी और जनप्रतिनिधि को देखने तक की फुर्सत नहीं है। दूसरी तरफ पड़ोसी जिला बालौदा बाजार, रायपुर, बिलासपुर बाईं पास पहुंच मार्ग है साथ ही देवरी तनौद भुईगांव में महानदी किनारे लाल ईट भट्ठा होने से राखड़ से भरा भारी मात्रा भारी भरकम हाइवा का आवाजाही रहता है। इसके चलते आवागमन करने वाले राहगीर खासे परेशान नजर आ रहे हैं। ग्राम पंचायत खोरसी में सड़क दोनों किनारे को नल जल योजना तहत ठेकेदार द्वारा पानी का पाईप लाइन बिछाई का काम कर रहा है। क्षेत्र में लगातार दो दिन तक बारिश होने से सड़क कीचड़ में तब्दील हो गया है। वहीं सड़कों में बने गड्ढे में पानी भर गया है। ऐसा नही है की इसकी जानकारी जिम्मेदार विभाग को नही है उसके बावजूद जिम्मेदार विभाग मरम्मत को लेकर सजग नहीं आ रहा है। इतना ही नही बल्कि पूर्व में छोटे छोटे गड्ढे थे आज के समय में गड्ढे की आकार भी बढ़ गए हैं जो हर समय हादसे को न्योता दे रहे हैं। विडंबना की बात यह है की जिम्मेदार विभाग को सड़क खराब होने की सूचना कई बार दी जा चुकी है बावजूद जिम्मेदार विभाग के अधिकारियों द्वारा इस ओर ध्यान नहीं देना विभाग की उदासीनता को दर्शाता है। विधानसभा चुनाव के पुर्व में पीडब्ल्यूडी विभाग के ठेकेदार द्वारा गड्ढों में डामर की परत बिछाया गया था जो नजर नहीं आ रहा है। खोरसी मुख्य मार्ग पर हैंडपंप का पानी सड़क के बीचों बीच बह रहा है जिससें आने जानें परेशानी हो रही है। मार्ग में बड़े बड़े गड्ढे होने के कारण खास कर स्कूली बच्चे परेशान है। जगह जगह जानलेवा गड्ढे होने की वजह से बड़े वाहनों को संभालने में परेशानी होती। जबकि कई बार स्थिति ऐसी भी निर्मित हो जाती है कि राहगीर गिरकर चोटिल भी हो जाते है उसके बावजूद भी जिमेदार विभाग इस मार्ग की मरम्मत को लेकर ध्यान नहीं दे रहा है।



कीचड़ में तब्दील सड़क व गड्ढों में भरा पानी।

# पांच दिवसीय रामनामी मेला पूरे शबाब पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जैजैपुर

जैजैपुर में आयोजित रामनामी मेला अपने पूरे शबाब पर है। मेले में लोगों के मनोरंजन के लिए सर्कस, मीना बाजार सहित हवाई झुला भी लगा

- समापन समारोह में शामिल हो सकते हैं मुख्यमंत्री साय

हुआ है, जिसे देखने के लिए ना केवल जैजैपुर ब्लकि आसपास गांव के लोग भी बड़ी संख्या में पहुंच रहे है।

ज्ञात हो कि 19 जनवरी से 23 जनवरी तक छत्तीसगढ़ रामनवमी राम-राम भजन संस्था के बैनर तले आयोजित रामनामी मेले में लोगों की भारी भीड उमड़ रही है। प्रशासनिक स्तर पर भी पानी, बिजली, सड़क, व्यवस्था सुलभ कराने कोई कसर नहीं छोड़ा गया है। वहीं मुख्य अभ्यगतों के आगमन को लेकर हेलीपैड का भी निर्माण किया गया है। आयोजित इस विशाल मेले में सिनेमा, सर्कस, मीना बाजार, हवाई झूला सहित विभिन्न प्रकार के दुकान लगे है। साथ ही दूर दराज से आने वाले ग्रामीणों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो उसके लिए मेला समिति द्वारा चाक चौबंद व्यवस्था की गई है। मेला आयोजन समिति के अध्यक्ष केदार खांडे, सचिव मदनलाल खांडे, उपाध्यक्ष विजय कुर्रे, सह सचिव धनीराम कुर्रे, कोषाध्यक्ष कन्हैया लाल कुर्रे, सहकोषाधय़क्ष सहदेव खांडे सहित गांव के गणमान्य व्यक्ति भी अपनी भागीदारी निभा रहे हैं। उन्होंने बताया की विशाल संत समागम एवं 23 जनवरी को भंडारे के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। वहीं आयोजित इस विशाल बड़े भजन रामनामी मेले के समापन प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री विष्णु देव साए के आने की संभावना है। पांच दिवसीय इस विशाल मेले को लेकर हर स्तर पर व्यापक तैयारियां हुई है। वही मेले में शामिल होने बडी संख्या में लोग पहुंच रहे है। वहीं क्षेत्र के जनप्रतिनिधि भी रामनामी मेले के आयोजन को लेकर काफी उत्साहित देखे जा रहे हैं।



मेला में जुटी लोगों की भीड़।

### हनुमान लला की मूर्ति को मंदिर में विधिवत किया गया पुनर्स्थापित

**हसौद।** शनिवार 20 जनवरी को पूर्व विधायक एवं जिला पंचायत सदस्य श्री निर्मल सिंह के आवास के पास स्थापित हनुमान लला की मूर्ति को पुनर्स्थापित किया गया। बस स्टैंड हसौद के पास निर्मल सिंह के आवास के पास हनुमान लला की छोटी सी मंदिर स्थापित की गई थी, जिसे 2022 में सड़क किनारे नाली निर्माण के वक्त नाली के बीच में आने के कारण मंदिर को हटा दिया गया था एवं हनुमान लला की मूर्ति को निर्मल सिंह के आवास में रखा गया एवं पूजा पाठ निरंतर किया जा रहा था। इसके बाद नए मंदिर की स्थापना श्री सिन्हा के द्वारा कराया गया, जिसे शनिवार को श्री हनुमान लला की मूर्ति को मंदिर में विधिवत पुनर्स्थापित किया गया। इस कार्यक्रम में बस स्टैंड के सभी हनुमान भक्त शामिल हुए। इस अवसर पर नंदकुमार भारद्वाज द्वारा सभी भक्तों को प्रसाद स्वरूप हनुमान चालीसा भेंट किया गया।



# एजेंसी की बजाय सीएससी सेंटर से भी गैस सिलेंडर ले सकते हैं उपभोक्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मालखरौदा

गांव-गांव के ग्रामीण बड़ी संख्या में गैस कनेक्शन लिए हुए हैं, जिनके लिए रिफीलिंग करने गैस एजेंसी तक आना बहुत मुश्किल होता है। ऐसे में केंद्र सरकार ने गांव-गांव में संचालित सीएससी सेंटर संचालित करने वाले को भी मिनी डिस्ट्रीब्यूटरशिप दे दिया है। अब ग्रामीण एजेंसी की बजाए यहीं से गैस का उठाव कर सकेंगे।

भारत सरकार की पेट्रोलियम गैस मंत्रालय द्वारा ब्लॉक के मालखरौदा में इंडेन गैस एजेंसी का डिस्ट्रीब्यूटरशिप दिया हुआ है। इसी प्रकार सिंघरा में एचपी गैस का डिस्ट्रीब्यूटर है, जबकि करीगांव में एच पी गैस डिस्ट्रीब्यूटर है। मालखरौदा इंडेन गैस ग्रामीण वितरक द्वारा अभी तक डिक्सी ,मोहनदीकला, करौवाडिह, कुरदा, छपोरा, घोघरी कर्रापाली, फगुरम ,भाटा, शेरो ,बड़े सीपत, भडोरा, हसौद, चिस्दा, अमनदुला, गोरखापाली , सकर्रा,सोना दुला, नरियरा, लीमगांव, सलनी, सुलोनी ,बड़े मुड़पार, जमगहन, नगझर चरोदा ,अडभार, आडिल, बोकरेल, बड़े पडरमुडा, सेंदुरस को मिनी डिस्ट्रीब्यूटरशिप दिया हुआ है। इसी प्रकार एचपी गैस एजेंसी करिगाव, द्वारा भी सीएससी संचालक अमनदुला चरोदा, करिगांव सकर्रा जर्वे, झरना बुंदेली कडारी को मिनी डिस्ट्रीब्यूटरशिप दिया है। इसके अलावा सिंघरा एचपी गैस एजेंसी द्वारा भी सीएससी सेंटर भदरी, फ़रसवानी , देवरघटा, नगझर, खेमड़ा, कटौद, कोटमी, सपिया, सिंघीतराई में मिनी डिस्ट्रीब्यूटरशिप दिया है। इससे ग्रामीणों को फायदा मिलने लगा है, अब ग्रामीण अपने पास के इस सीएससी सेंटर से भी उसी रेट में गैस ले सकते हैं, क्योंकि गैस एजेंसी संचालकों द्वारा सीएससी सेंटरों को प्रति गैस 10 रुपये कमीशन के रूप में दिया जा रहा है। सभी मिनी डिस्ट्रीब्यूटर संचालकों को अपने दुकान के सामने गैस रिफिलिंग का मिनी डिस्ट्रीब्यूटरशिप का बोर्ड लगाने को भी कहा गया है।

# स्वास्थ्य शिविर का ग्रामीणों ने उठाया लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती

स्वास्थ्य विभाग द्वारा विकासखंड मालखरौदा के ग्राम चारपारा में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना और एसपी एम आर अहिरे भी पहुंचे।

- स्वास्थ्य शिविर में पहुंचे कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना और एसपी एम आर अहिरे

ग्राम वासियों हेतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सुरज सिंह राठौर की उपस्थिति में चिकित्सकों के साथ स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया, जिसमे ग्रामवासियों का बीपी, शुगर, सिकल सेल जांच, वायरल मार्कर जांच की गई तथा जिला कलेक्टर और एसपी द्वारा ग्रामवासियों के खान पान जीवन शैली , शिक्षा, खेल कूद के विषयों पर चर्चा किया गया। कलेक्टर और एसपी ने शिविर में उपस्थित ग्रामीणजनों की समस्याओं को सुना तथा नशा मुक्ति हेतु ग्रामवासियों को संकल्पित कराते हुवे ग्राम के युवा पीढ़ी को किसी भी प्रकार का नशा न करने के लिए आवश्यक पहल करने के संबंध में चर्चा किए।



स्वास्थ्य शिविर का निरीक्षण करते कलेक्टर नुपूर राशि एवं एसपी एम.आर. आहिरे।

# भगवान श्री राम के स्वागत में छात्र-छात्राओं ने निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवरीनारायण

22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले श्री राम लला के मंदिर के भव्य उद्घाटन एवं प्राण प्रतिष्ठा समारोह को के अवसर पर शिवरीनारायण की इंग्लिश मीडियम लिटिल फ्लावर स्कूल के समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं ने नगर में प्रातः काल भगवान श्री राम के स्वागत में रैली निकाली, जिसमें जय श्री राम के नारे गूंज रहे थे। छोटे-छोटे बच्चों के हाथ में भगवान राम का भगवान झंडा ध्वज लहराया जा रहा था। रघुपति राघव राजा राम पतित पावन सीताराम जैसे गीतों की छोटी-छोटी श्रृखला भी बच्चों द्वारा गाए जा रहे थे। कई प्रकार से भगवान राम से संबंधित नारे भी लगाए जा रहे थे। साथ ही भगवान श्री राम के समर्पण में श्रद्धा में निकले इस जुलूस को आकर्षक बनाने के लिए छोटे कक्षा से लेकर बड़े कक्षा के सभी छात्र-छात्राएं विशेष रूप से सफेद बंगाली कुर्ता के साथ भगवा गमछे के साथ निकले थे। जयकारो से मन में उमंग और शांति दोनों का अनुभव हो रहा था। श्री राम प्रभात फेरी स्कूल प्रांगण से निकलकर श्री राम वन पथ गमन के स्मारक मैं लगे आदमकत 40 फीट भगवान श्री राम के प्रतिमा पर जाकर छात्र-छात्राओं द्वारा मंत्र उच्चारण उच्चारण किए गये।



भगवान राम की प्रतिमा के समक्ष मंत्र उच्चारण करते छात्र-छात्राएं।

# रक्तदान शिविर में तहसीलदार समेत लगभग 210 लोगों ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हसौद

हसौद में शुक्रवार 19 जनवरी को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाया गया। रक्तदाताओं ने 210 यूनिट ब्लड डोनेट कर इस शिविर को सफल बनाया। आयोजक समिति ने रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र एवं हेलमेट भेंट कर सम्मानित किया।

**खास बात**

- रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र एवं हेलमेट भेंट कर किया सम्मानित

इस शिविर में रक्तदान करने पुरुष ही नहीं बल्कि महिला वर्ग ने भी शिविर में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और ब्लड डोनेट कर शिविर को सफल बनाने सहभागिता निभाया। उल्लेखनीय है कि मानव जीवन को बचाने की दिशा में उत्कृष्ट और अनुकरणीय प्रयास के उद्देश्य से मां महामाया की पावन नगरी हसौद में त्रितीय वर्ष विशाल रक्तदान शिविर लगाया गया। आयोजक समिति के आमंत्रण पर मुख्य अतिथि के रूप में हसौद तहसीलदार भीष्म कुमार पटेल एवं हसौद थाना प्रभारी कृष्णचंद मोहले शिविर में शामिल हुए जिन्होंने मां धनवंतरी के तेल चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। शिविर में पंजीकृत लगभग 200 लोगों ने रक्तदान किया जिसे आयोजक समिति ने प्रशस्ति पत्र एवं हेलमेट देकर सम्मानित किया। शिविर सुबह 8 बजे शुरू हुआ जो शाम 5 बजे तक चला। आशीर्वाद ब्लड बैंक बिलासपुर द्वारा ब्लड एकत्रित किया गया। हसौद ही नहीं बल्कि दूर दराज क्षेत्र के लोगों भी रक्तदान करने शिविर में शामिल हुए। इस शिविर में शामिल होकर खिकराम साहू ने 34वीं बार तो जलेश्वर कुमार ने 14वीं बार रक्तदान किया। आयोजक समिति के विशेष आमंत्रण पर हसौद तहसीलदार भीष्म कुमार पटेल सुबह 8 बजे शिविर में शामिल हुए जिन्होंने रक्तदान कर शिविर का शुभारंभ किया और ब्लड डोनेट करने लोगों को प्रेरित कर रक्तदाताओं को समिति की ओर से दिए जा रहे हेलमेट के अनूठे पहल को सराहा और इस रक्तदान शिविर की जमकर प्रशंसा की। रक्तदान कर तहसीलदार ने कहा कि रक्तदान महादान है। नए युवाओं को वर्ष में एक बार रक्तदान अवश्य करना चाहिए, समय पर रक्त नहीं मिलने से हजारों लोगों को मौत हो जाती है, रक्तदान करके एक व्यक्ति दूसरों की जान बचाने के साथ अपने स्वास्थ्य को भी लाभ पहुंचा सकता है। रक्तदान करने से रक्त पतला होता है, जिससे हृदय रोग होने का खतरा कम होता है इसीलिए सभी को बढ़-चढ़कर रक्तदान करना चाहिए।शिविर को सफल बनाने मे आयोजन समिति के सदस्यों का बहुत बड़ा योगदान रहा।




रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देते अतिथि।

### श्री दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में सीताराम महामंत्र संकीर्तन आज

**जांजगीर।** रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर 22 जनवरी को प्रातः 8 बजे श्री दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में विविध कार्यक्रम होंगे। दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर के पुजारी पं. किरण कुमार मिश्रा ने बताया कि 9 बजे से संगीतमय अखंड सीताराम नाम महामंत्र संकिर्तन प्रारंभ होगा, जो 23 जनवरी को 9 बजे सम्पन्न होगा। महामंत्र संकीर्तन समापन पर हवन पुर्णाहुति सुन्दर काण्ड के प्रत्येक चौपाई पर आहुती दी जाएगी। 12 बजकर 19 मिनट पर रामदरबार हनुमान जी की महा आरती की जाएगी। 1 बजे से महा प्रसाद भंडारा तथा सायं 4 बजे से खीर प्रसाद अर्पण कर वितरण किया जाएगा। 6 बजे सेन्दुराभिषेक, 6:30 बजे हनुमान जी की आतिशबाजी के साथ महा आरती, 7 बजे से सामुहिक सुन्दर काण्ड का पाठ होगा।

